एफ.संख्या 18-02/सा.प्र./2019/एफएसएसएआई
भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
तृतीय तल, एफडीए भवन, कोटला रोड,
नई दिल्ली - 110002

दिनांक 21 फरवरी, 2020

निविदा सूचना

एफडीए भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली-110002 के साज- संवार और विविध कार्यों के लिए बोली आमंत्रित करना

एफडीए भवन परिसर में साज-संवार अर्थात रंग-रोगन/सफेदी के कार्य और इसके साथ-साथ मामूली प्रकार के मरम्मत कार्य और और सेवा संबंधी अपेक्षित अन्य विविध आंतरिक कार्य करने के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण कोटला रोड, नई दिल्ली - 110002 द्वारा अनुभवी और सुविख्यात बोलीदाताओं से निविदा दस्तावेज में विनिर्दिष्ट नियमों और शर्तों के अनुपालन में मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

2. निविदा दस्तावेज एफ.एस.एस.ए.आई. की वैबसाइट के साथ-साथ सी.पी.पी. पोर्टल पर भी दर्शाया गया है। निविदा दस्तावेज यथोचित रुप से भर कर संबंधित सहायक दस्तावेज के साथ सहायक निदेशक (सा.प्र.), एफ.एस.एस.ए.आई., तृतीय तल, एफ.डी.ए. भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली-110002 को संबोधित करते हुए **16 मार्च, 2020 तक 1100 बजे तक** अथवा इसके पहले प्रस्तुत की जा सकती हैं और उसके साथ बयाना राशि जमा (ईएमडी) के रुप में 2,50,000/-रुपये (मात्र दो लाख पचास हजार रुपये) (बिना ब्याज के) का डिमांड ड्राफ्ट / भुगतान आदेश भी संलग्न करें। निविदा शुल्क 500/-रुपये है जिसका भुगतान नकद / डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक द्वारा किया जा सकता है। बयाना राशि जमा (ईएमडी) अथवा निविदा शुल्क के प्रति डिमांड ड्राफ्ट/भुगतान आदेश वरिष्ठ लेखा अधिकारी, एफ.एस.एस.ए.आई के पक्ष में हो और नई दिल्ली में देय हो।

3. निविदा दस्तावेज (अहस्तांतरणीय), जिसमें विस्तृत विशिष्टियां, नियम एवं शर्तें दी गई हैं, ड्राफ्ट/भुगतान आदेश/नकद भुगतान द्वारा निविदा शुल्क का भुगतान करके एफ.एस.एस.ए.आई. मुख्यालय, सामान्य प्रशासन प्रभाग, तृतीय तल, एफ.डी.ए. भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली-110002 से 10.00 बजे प्रातः से 4.00बजे सायं के दौरान किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दस्तावेज एफ.एस.एस.ए.आई. की **वैबसाइट** www.fssai.gov.in **अथवा सी.पी.पी. पोर्टल** www.eprocure.gov.in/epublish/app के माध्यम से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

पत्र व्यवहार का पता : सहायक निदेशक (सामान्य प्रशासन), भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण, तृतीय तल, एफडीए भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली-110002

सहायक निदेशक (सामान्य प्रशासन)
भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण